


शतकों का सूखा खत्म करने की उम्मीद

उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में आखिरी बार शतक बनाया था। उसके बाद से वह तिहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके हैं। कोहली की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है और हर मैच से पहले उनकी उम्मीदों का सपना उफान लेने लगता है। सोशल मीडिया पर किंग कोहली से शतकों का सूखा खत्म करने की उम्मीद करते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होने पर निराश होते हैं।

## कोई तो होगा जिससे दिल का हाल बयां करते होंगे विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के बल्ले से पिछले 2–3 वर्षों से कोई शतक नहीं निकला है। फॉर्म से जूझते कोहली ने टी–20 की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया तो बीसीसीआई ने वनडे की कप्तानी से उन्हें हटा दिया। इसके बाद कोहली और बीसीसीआई प्रमुख सौरभ गांगुली के बीच मतभेद की खबरों ने सुर्खियां बटोरीं तो फिर साउथ अफ्रीका दौरे पर टेस्ट सीरीज के बाद उन्होंने टेस्ट की कप्तानी छोड़ दी।

कोहली को लेकर अब टीम इंडिया के सीनियर क्रिकेटर रोबिन उथप्पा ने बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि कोहली के मन में कुछ चल रहा है, लेकिन वह किसी से कह नहीं रहे। उन्होंने एक बयान में कहा– विराट कोहली पिछले 3 वर्षों से शतक नहीं बना पाए हैं। वह काफी कुछ चीजों से गुजरे हैं। उनके मन में कुछ तो चल रह है। वह भी इससे निपटने की कोशिश कर रहे होंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि उनके पास कोई तो ऐसा है, जिसपर वह भरोसा करते होंगे और अपनी बात रखते होंगे।

## न्यूज डायरी



### यश ढुल जैसे युवा बल्लेबाजों को रोहित शर्मा ने दिया ये सुझाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को देश का प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक और वर्तमान में रणजी ट्राफी में खेल रहे युवा बल्लेबाजों को सलाह दी कि वे रन बनाते रहें और चयन के बारे में चिंता न करें। अवसर पैदा होना तय है। अंडर –19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान यश ढुल और मुंबई के सरफराज खान उन युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने रणजी ट्राफी के शुरुआती दौर में शतक लगाया है। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टी–20 मैच से पहले कहा, श्मैं उन्हें बस इतना कह सकता हूं कि रन बनाते रहें। मौका पैदा होगा जैसा कि हनुमा विहारी, श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और उन सभी खिलाड़ियों के लिए हुआ, जो अब टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। आपको रन बनाते रहना है। अपना काम करते रहें। इस समय मैं उनसे यही कह सकता हूं और हम उनसे भी यही उम्मीद करते हैं। अवसर पैदा होगा और निश्चित रूप से वे इस बात की चिंता करने के बजाय अधिक से अधिक रन बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे होंगे। वे इस बात की चिंता नहीं कर रहे होंगे कि मुझे चुना जा रहा है या नहीं।

### भारत के खिलाफ सीरीज से पहले श्रीलंका को लगा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। टीम इंडिया के खिलाफ तीन मैचों की टी–20 सीरीज से पहले श्रीलंका को झटका लगा है। स्टार लेग स्पिनर वनिंदु हसरंगा कोरोना से संक्रमित होने के कारण सीरीज से बाहर हो गए हैं। फिलहाल वह आस्ट्रेलिया में हैं और एक बार फिर रिपोर्ट पाजिटिव आने के कारण उनकी आइसोलेशन अवधि बढ़ा दी गई है। श्रीलंका और भारत के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत गुरुवार को होगी। पहला मैच लखनऊ में खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट ने एक रिलीज में कहा, कोरोना संक्रमित होने के कारण आइसोलेशन में रह रहे वानिंदु हसरंगा एक फिर संक्रमित पाए गए हैं। खिलाड़ी का कल (22 फरवरी) को रैपिड एंटीजन टेस्ट किया गया था। हसरंगा को पहली बार 15 फरवरी को रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) में पाजिटिव पाया गया था।

### युवराज सिंह के भावुक पत्र का विराट कोहली ने दिया जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर युवराज सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को लेकर भावुक चिट्ठी लिखी थी। उन्होंने बताया कि किस तरह विराट कोहली सामान्य क्रिकेट से किंग कोहली बने। इसके बावजूद वह उनके लिए वही चीकू रहेंगे, जो पहले थे। इसके जवाब में अब कोहली ने भी युवी की तारीफ की और उन्हें दुनिया के लिए प्रेरणा बताया है।

कोहली ने ट्विटर पर थैंक यू नोट लिखते हुए कहा, प्यार के लिए थैंक्स युवी पा। आपका कैंसर से जंग जीतना न केवल क्रिकेटर्स, बल्कि दुनिया के सभी लोगों के लिए प्रेरणा है। आप हमेशा से अपने लोगों के प्रति उदार और ख्याल वाले रहे हैं। मेरी तरफ से आपको प्यार। भगवान आपका भला करें। बता दें कि एक दिन पहले ही युवी ने लंबा पत्र लिखते हुए कोहली की तारीफ की थी।

### राहुल द्रविड़ से बंद कमरे में क्या–क्या हुई थी बात, साहा ने खोला राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के सीनियर विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा को लेकर भारतीय क्रिकेट में बवाल मचा हुआ है। यह बवाल उस वक्त मचा जब उन्होंने खुलासा किया कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें रिटायरमेंट की सलाह दी, जबकि कुछ महीने पहले ही बीसीसीआई अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने उनकी तारीफ करते हुए विश्वास दिलाया था कि जब तक वह हैं तब तक कोई दिक्कत नहीं होगी। हालांकि, ऐसा हुआ नहीं और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें नहीं चुना गया। यही नहीं, साउथ अफ्रीका दौरे पर टीम का हिस्सा रहे साहा को कोच राहुल द्रविड़ ने पहले ही कहा दिया था कि वह अब भारतीय टीम में नहीं चुने जाएंगे।

# सूर्यकुमार और अय्यर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई

क्रिकेट

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। सूर्यकुमार यादव और वेंकटेश अय्यर की भारतीय मध्यक्रम जोड़ी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग की बल्लेबाजी सूची में लंबी छलांग लगाकर क्रमशः 21वां और 115वां स्थान हासिल किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ दोनों बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें भारत ने 3–0 से क्लीन स्वीप किया।

सूर्यकुमार सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे जबकि वेंकटेश अय्यर दूसरे स्थान पर रहे। इस प्रदर्शन की बदौलत सूर्यकुमार 35 पायदान की छलांग लगाने में सफल रहे जिससे वह 21वें स्थान पर पहुंच गए जबकि अय्यर ने 203 पायदान की लंबी छलांग लगाई और 115वें स्थान पर पहुंच गए। केएल राहुल




दो पायदान खिसककर छठे स्थान पर पहुंच गए जबकि सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली बल्लेबाजों की सूची में अपने 10वें स्थान पर बरकरार हैं। कोई भी भारतीय खिलाड़ी गेंदबाजों और आलराउंडर सूची के शीर्ष 10 में शामिल नहीं है।

वेस्टइंडीज के लिए बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करने वाले एकमात्र खिलाड़ी निकोलस पूरन पांच पायदान के फायदे से 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज का भी असर रैंकिंग पर पड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया के एश्टन एगर गेंदबाजों की शीर्ष 10 रैंकिंग में पहुंचने में सफल रहे और वह अभी नौवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के महीश तीक्ष्णा के टी20 अंतरराष्ट्रीय में अच्छे प्रदर्शन का असर उनकी रैंकिंग पर भी दिखा जिन्होंने 592 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की और 12 पायदान की छलांग से 17वें नंबर पर पहुंच गए।

टेस्ट रैंकिंग में भारत के नए कप्तान रोहित शर्मा ने अपना छठा स्थान कायम रखा है जबकि कोहली उनसे एक स्थान पीछे सातवें नंबर पर हैं। सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में शामिल दो भारतीय हैं जो क्रमशः दूसरे और 10वें स्थान पर हैं। अश्विन ऑलराउंडर सूची में अपने दूसरे स्थान पर बरकरार हैं और रविंद्र जडेजा तीसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के बाद काइल जैमीसन और टिम साउदी एक एक पायदान के लाभ से क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर पहुंच गए।

# सुनिल गावस्कर ने भारतीय गेंदबाजी लाइनअप की जमकर प्रशंसा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के दिग्गज बल्लेबाज सुनिल गावस्कर ने भारतीय गेंदबाजी लाइनअप की जमकर प्रशंसा की है। उनकी ये प्रतिक्रिया श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में जसप्रीत बुमराह के वापसी को लेकर आई है। उनके अनुसार जसप्रीत बुमराह की वापसी से भारतीय गेंदबाजी और भी धारदार होगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने बुमराह की अनुपस्थिति में जिस तरह की गेंदबाजी की और स्कोर को डिफेंड किया वो काबिलेतारीफ है। उन्होंने दीपक चाहर, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज की तारीफ करते हुए कहा कि भारत वर्तमान में गेंदबाजी



के मामले में बेहद भाग्यशाली है।

स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान सुनिल गावस्कर ने दीपक चाहर की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह से वे गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराते हैं उसे समझना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल भरा है। वे कमाल के स्विंग गेंदबाज हैं। उनकी गति भी अच्छी है। वे दिखाते नहीं हैं लेकिन अच्छी गति के साथ वो गेंद को मूव करा सकते हैं जो बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करता है। वे बिना गेंदबाजी एक्शन में बदलाव किए गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकते हैं जिससे बल्लेबाजों को उन्हें समझने में मुश्किल आती है। यदि आपके पास ऐसे गेंदबाज हैं जिसकी वजह से भुवनेश्वर कुमार अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी बाहर बैठे तो लगता है भारत गेंदबाजी के लिहाज से भाग्यशाली है।

बुमराह की वापसी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें भारतीय टीम ही नहीं टी20 में किसी भी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। उनके आने से टीम की गेंदबाजी और भी मजबूत होगी। बुमराह 24 फरवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे तीन मैचों की टी20 में वापसी करेंगे।

## रोहित बोले फिलहाल बायो-बबल से कोई थकान नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लखनऊ। बायो–बबल को खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती माना जाता है। कई खिलाड़ी इसे लेकर मानसिक और शारीरिक थकान की शिकायत कर चुके हैं। हालांकि हाल में भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा का कहना है कि उन्हें जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) में सभी मैचों में खेलने में कोई दिक्कत नहीं है। रोहित ने कहा कि वह तभी इससे ब्रेक लेंगे जब इसकी जरूरत महसूस होगी। टेस्ट कप्तान के रूप में रोहित की नियुक्ति से पहले सवाल उठ रहे थे कि क्या वह बिजी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम को देखते हुए सभी प्रारूपों में नेतृत्व करने के इच्छुक होंगे लेकिन भारतीय कप्तान ने इस पर स्पष्ट रवैया अपनाया। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले कहा, 'अभी मुझे किसी तरह की दिक्कत नहीं हैं और मैं सभी मैचों में खेलने के लिए तैयार हूं।' उन्होंने कहा, 'कार्यभार हमेशा इस पर निर्भर करता है कि उसके बाद क्या होता है। आप हर दिन इस पर गौर करते हैं, इसे समझते हैं। रोहित ने कहा, 'आप देखते हैं कि दूसरा खिलाड़ी कैसे भरपायी करता है, उसमें किस तरह की क्षमता है। फिलहाल सभी कुछ अच्छा लग रहा है।